THE

Dated...25.11.2014

PARLIAMENTARY DEBATES

(Part II—Proceedings other than Questions and Answers)

OFFICIAL REPORT

HOUSE OF THE PEOPLE

Tuesday, 17th November, 1953

The House met at Half Past One of the Clock.

[MR. SPEAKER *in the Chair.*]

QUESTIONS AND ANSWERS

(*See Part I*)

2-29 P.M.

PAPER LAID ON THE TABLE

NOTIFICATION UNDER INDIAN AIRCRAFT ACT.

The Minister of Communications (Shri Jagjivan Ram): I beg to lay on the Table, under sub-section (3) of section 5 of the Indian Aircraft Act, 1934, a copy of the Ministry of Communications Notification No. 10-A /34-50, dated the 6th September, 1952, together with an explanatory note. [*Placed in Library, See* No. S-151/53.]

REHABILITATION FINANCE ADMINISTRATION (AMENDMENT) BILL)—contd.

Mr. Speaker: The House will now proceed with the further consideration of the Rehabilitation Finance Administration Bill. I believe the motion for third reading was moved yesterday.

The Deputy Minister of Finance (Shri A. C. Guha): I moved yesterday for the passing of the Bill, as amended.

Mr. Speaker: I shall place the motion before the House.

Motion moved:

"That the Bill, as amended, be passed."

I will now make one thing clear before the discussion proceeds, so that we may not have to waste any time and I may not have to invite the attention of hon. Member to what is relevant during the third reading. The Bill was duly considered. The clauses were considered. The only scope of discussion on the third reading motion is to discuss the amendments adopted by the House—not threadbare, but their general effect. It is also open to Members to object to the Bill being passed and in that case, they might shortly state the reason why the Bill should be rejected. The object of the third reading is not to repeat the arguments, not to treat it as an opportunity for those Members who have not spoken, to speak at length as if they were speaking on the consideration motion or during the clause-by-clause stage. These are the restrictions. It is very difficult for the Chair to limit the discussion quite within the scope of relevancy but Members will bear in mind what I have stated.

Sardar Hukam Singh: (Kapurthala-Bhatinda): Can we not refer to the amendments that ought to have been accepted and the effect that they would have had on the Bill if they had been accepted?

Mr. Speaker: That would be widening the scope too much and reopening the consideration as a whole.

Shri Gidwani: (Thana): If an assurance had been given by the Minister, may I ask whether for the purpose of clarification we could say something?

Mr. Speaker: It depends upon what clarification the hon. Member wants, but the best course is to have that clarification somewhere else rather than have it here now.

लाला अचिन्त राम (हिसार) : अध्यक्ष जी, तीसरी रीडिंग के मौके पर मैं अपनी समझ के मुताबिक वही बात कहूंगा जिस बात का मुझे खतरा है कि जैसा बिल पास हुआ है अगर उस पर अमल किया जायगा तो कौन सी खराबी हो सकती है :

आज मुझे यह पहला मौका मिला है जब कि मैं सच्चे दिल से गवर्नमेंट को इस बात पर मुबारकबाद देता हूं कि उस ने बड़ी उदारता से बड़ी फराखदिली से इस बिल के अन्दर रुपया मुहैया किया है । पांच करोड़ रुपया मुहैया कर के फाइनेन्स डिपार्टमेंट ने बड़ी उदारता दिखाई है । लेकिन जैसा बिल पास हुआ है उस में मुझे एक ही खतरा है कि अगर इस बिल पर अमल किया गया, तो जैसी कि मेरी राय है बावजूद गवर्नमेंट की उदारता के फाइनेन्स एडमिनिस्ट्रेशन अपने मकसद में फेल हुआ है, कहीं ऐसे ही अब भी नाकामयाब न हो । इस का कारण यह है कि गवर्नमेंट ने एडमिनिस्ट्रेशन को सात करोड़ रुपया दिया, बड़ी उदारता से दिया, और अपना फर्ज अदा किया और साथ ही यह भी पास कर दिया कि यह अटानोमस बाडी है, उन्हों ने तो अपना फर्ज अदा कर दिया, लेकिन इस के बावजूद मेरी यह राय है कि ऐडमिनिस्ट्रेशन खासा नाकामयाब हुआ है, क्योंकि इस वक्त अगर मैं ऐडमिनिस्ट्रेशन को तकसीम करूं तो उस के चार हिस्से हैं । दो आफिशल और दो नानआफिशल । अब अगर मैं आफिशल को तकसीम करूं तो उस के दो हिस्से हैं । एक तो स्लीपिंग हिस्सा है और दूसरा ऐक्टिव हिस्सा है जो ऐडमिनिस्ट्रेटर है वह तो ऐक्टिव हिस्सा है जो दूसरे मेम्बर हैं वह स्लीपिंग मेम्बर हैं । वह ऐसे मेम्बर हैं कि मीटिंग होती है तो चाहे वह उस को ऐटेन्ड करें या न करें ।

इसी तरह नान आफिशल हिस्से के भी दो हिस्से हैं । एक हिस्सा तो उन लोगों का है जो कि ऐडवाइजरी बोर्ड के मेम्बर हैं और दूसरा हिस्सा वह है जो कि ऐडमिनिस्ट्रेशन के मेम्बर हैं, लेकिन इन चार हिस्सों के बावजूद, जिस में कि आफिशल भी हैं और नानआफिशल भी, मेरी अदब से यह गुजारिश है कि अगर आज मैं रिफ्यूजीज की हालत को सामने रखता हूं, अपने आदमियों को सामने रखता हूं तो ऐडमिनिस्ट्रेशन अपने काम में बराबर फेल हुआ । लेकिन दिक्कत क्या है ? दिक्कत यह होती है कि जो स्लीपिंग मैम्बर हैं वह परवाह नहीं करते वह अपने कामों में लगे हुए हैं, तनख्वाह मिलती है, कोई बात नहीं । जो चीफ ऐडमिनिस्ट्रेटर हैं वह गवर्नमेंट के मुलाजिम हैं, वह कोई ऐसी चीज सजेस्ट नहीं कर सकते जोकि रिवोल्यूशनरी हो, जो गवर्नमेंट को जरा धक्का लगाये ताकि गवर्नमेंट सोचे लेकिन they have not got the guts, they do not take up anything with the government दूसरी दिक्कत यह है । नानआफिशलस मेम्बरों का हिस्सा उन लोगों का है जो हमारी पार्लियामेंट के मेम्बर हैं । उन्हों ने बहुत काम किया है, लेकिन बदकिस्मती से वह बहुत मसरूफ हैं और कामों के अन्दर, और इतना मुनासिब नहीं समझते कि कहें कि और मेम्बर ले लिये जायें । वह खुद इतने मसरूफ हैं कि मसरूफियत की वजह से अपना काम करते हुए ऐडमिनिस्ट्रेशन में उन को जितना काम करना चाहिये उतना

नहीं कर पाते । ऐडमिनिस्ट्रेशन का चौथा हिस्सा जो नानआफिशल का है वह उस के एडवाइजरी मेम्बर्स का है । उन की कपैसिटी एडवाइजरी है, जैसे मैं हूं । तीन चार साल से काम कर रहा हूं । उन का काम है बोलना, जोर से बोलना और रेज्योल्यूशन पास कर देना । लेकिन इस के बावजूद भी उन के लिमिटेशन्स हैं । इस वास्ते हालांकि ऐडमिनिस्ट्रेशन काम कर रहा है, रुपया दे रहा है, फिर भी यह सब्जेक्ट फेल हुआ है । मुझे इस बात का दुःख है, मैं इस बात को कहना नहीं चाहता पर क्या किया जाय ? अगर हम एडवाइजरी बाडी में बोलते हैं तो कहते हैं कि तुम्हारी तो सिर्फ ऐडवाइजरी कपेसिटी है । मैं पब्लिक का नुमाइन्दा हूं इसलिये मेरा फर्ज है कि मैं सच्ची बात कहूं । तो दिक्कत क्या है यह सोचिये, आखिर काम क्यों नहीं होता है ? कहते हैं कि हालात ऐसे हैं कि ऐडमिनिस्ट्रेशन जल्दी नहीं कर सकता । मेरी गुजारिश यह है कि अमल ने यह साबित कर दिया है कि यह बात गलत है । आप को मालूम होगा कि ३१ सितम्बर, २९५१ से ६५ हजार ऐप्लीकेशन्स आई हैं । जो आदमी ऐप्लीकेशन्स देते हैं उन का यह ख्याल होता है कि उन की ऐप्लीकेशन्स का फैसला जल्द हो जायेगा, दो दिन में, तीन दिन में, दस दिन में, महीना, दो महीना या चार महीने में । लेकिन बात क्या हुई । दो साल गुजर गये । इस के अन्दर ५० हजार ऐप्लीकेशन्स का फैसला हुआ है । अब यह गौर फरमाइये कि उन की हालत क्या है । जो ६५ हजार दरख्वास्तें थीं उन में से १३ हजार मंजूर हुई हैं, १३ हजार में से ८ हजार ने लोन लिया है, पांच हजार ने लोन भी नहीं लिया । अब जरा आप ऐनालाइज कीजिये कि असलियत क्या है । उन की हालत क्या होगी । जिन लोगों ने दरख्वास्तें दी हैं उन को दो हिस्सों में तकसीम कर लें । एक वह हिस्सा है जो कि बिल्कुल तबाह होकर आये हैं, उन के पास रुपया नहीं है, वह अपना काम शुरू करना चाहते हैं, आज उन के पास कोई रुपया नहीं कि वह काम शुरु कर सकें, अगर उन की दरख्वास्त दो साल तक पड़ी रही तो उन की हालत क्या होगी । जिन के पास आज खाने को नहीं है, दो बरस तक उन्हों ने किसी तरह से गुजर किया, आज खाने को नहीं है, उन की दरख्वास्त को दो महीने, चार महीने, साल, दो साल हो जाते हैं, उन की हालत क्या हो सकती है, लाजिमी तौर पर वह यह करेंगे कि अपने रिश्तदारों से रुपया मांगेगे, दोस्तों से मांगेंगे और दिन ब दिन मकरूज़ होते जायेंगे ।

दूसरी कैटेगरी उन की है जिन के पास रुपया था, और साल दो साल, बाद जो अपना रुपया खा चुके, खाने के बाद दोस्तों से भी मांग चुके, भीख मांग चुके, आखिर क्या हुआ कि ऐडमिनिस्ट्रेशन ने उन को रुपया दिया नहीं है, उन्हों ने कर्जा औरों से लिया और जिन से कर्जा लिया उन से बातें हुई कि आज मुझे कर्जा दे दो, मैं ऐडममिनिस्ट्रेशन से कर्जा लूंगा तो तुम को दूंगा और अपना काम चलाऊंगा । इस तरह से वह महीने दो महीने, साल दो साल उधार लेते रहे और उधार ले कर अपना काम चलाते रहे ।

[SHRI PATASKAR *in the Chair*]

वह सोचते थे कि ऐडमिनिस्ट्रेशन रुपया देगा और मैं अपना काम चला लूंगा । लेकिन हुआ क्या ? ऐडमिनिस्ट्रेशन ने रुपया दिया नहीं, जिन दोस्तों से उन्हों ने कर्जा लिया वह तकाजा करते रहे कि रुपया दो । ऐसी हालत में मैं क्या करता हूं कि मैं दिल्ली छोड़ जाता हूं, मैं मेरठ जाता हूं ताकि दिल्ली वाला पीछे न पड़े । मेरठ में दोस्तों से मांगता हूं, मेरठ में पांच हजार रुपया कर्जा लेता हूं, जब वहां के लोग अपना रुपया मांगते हैं तो फिर इलाहाबाद चला जाता हूं । इस तरीके से उन रिफ्यजीज ने जो कि ६५ हजार की तादाद में थे और जिन्हों ने कर्जे के लिये

[लाला अचित राम]

दर्ख्वास्तें दी थीं उन की हालत बद से बदतर हो गई है । कल जब गुहा साहब बोल रहे थे तो मैं खामोश रहा : उन्हों ने कहा कि ऐड-मिनिस्ट्रेशन ने बड़ा अच्छा काम किया, जब उन्हों ने उस की तारीफ की तो मुझे इस बात का बड़ा दुःख हुआ । गुहा साहब ने जो कि एक रिवोल्यूशनरी हैं ऐसी बात कहने की कैसे जुरत की । उन आदमियों की क्या हालत है ? आज मेरठ हैं तो कल कानपुर हैं और परसों किसी और जगह हैं । कर्जा अदा नहीं कर सकते और जगह जगह कर्जा लेते फिरते हैं । मैं यह किस वास्ते कहता हूं ? मैं यह इस वास्ते कहता हूं कि यह समझ बैठना ठीक नहीं है कि गवर्नमेंट रिवोल्यूशनरी तरीके से काम नहीं कर सकती । यह जो चारों बातें मैं ने कहीं उन में से हर एक का इलाज है । मैं कहता हूं कि लगातार ऐडमिनिस्ट्रेशन इस बात की सिफारिश करता रहा है कि हमारे पास ऐप्लीकेशन्स को डिस्पोज आफ करने के लिये बैठने की भी जगह नहीं है । जब बैठने की भी जगह नहीं है तो ऐप्लीकेशन्स कैसे डिस्पोज आफ हो सकती हैं। लेकिन यह कम्प्लेन्ट लगातार आती रही, दो महीने, चार महीने, साल, दो साल तक आती रही । मैं यह नहीं कहता कि इस की तरफ बिल्कुल तवज्जह नहीं की गई लेकिन जितनी तवज्जह करनी चाहिये थी उतनी नहीं की गई । चार महीने की बात है कि हम सरदार स्वर्ण सिंह की खिदमत में हाजिर हुए और कहा कि यह हमारी दिक्कत है जगह दीजिये । एक मिनट के अन्दर यह बात हुई । दूसरे दिन ही उन के इंजीनियर वगैरह वहां गये, जगह मिल गई, रुपया मिल गय और सवा महीने के अन्दर मकान बन गये । मैं ने गुहा साहब से कहा था कि आप गौर फरमाइये कि जब तक मकान न हो तो ऐप्लीकेशन्स कैसे डिस्पोज आफ हो सकती हैं । उन्हों ने कहा कि भाई क्या बात करते हो । कब बजट पेश होगा, कब ऐस्टीमेट बनेंगे, कब जगह मिलेगी, कितना वक्त पी० डबल्यू० डी० लेगी । जब आप ने यह बात कही तो मेरे दिल पर मायूसी आई कि आज इस काम के लिये इतना लम्बा प्रोसीड्योर होगा । कब ऐस्टीमट बनेंगे, कब फाइल आवेगी, कब टेके मिलेंगे, और उस के बाद बनेगा । मैं ने कहा अच्छी बात है । सरदार स्वर्ण सिंह साहब मौजूद थे : हम उन की खिदमत में हाजिर हुए । दूसरे दिन ही उन के आदमी गये और जगह मिल गई और सवा महीने में मकान बन गया । यह मामला तीन साल तक पड़ा रहा । मैं आप को एक्यूज नहीं करता कि आप उदार नहीं हैं । आप उदार हैं । अभी आप पांच करोड़ रुपया दे रहे हैं, और ज्यादा देने का वायदा करते हैं । इस में शक नहीं कि आप रुपया देना चाहते हैं, लेकिन जिस बात की जरूरत है वह कांस्टेंट विजलेंस । आप को यह देखना चाहिये कि आया रिफ्यूजीज के इंटरेस्ट सर्व होते हैं या नहीं । मैं कहता हूं कि पार्लियामेंट के मैम्बर अच्छे हैं मैं अच्छा हूं और स्टाफ के आदमी भी अच्छे हैं । लेकिन इस अच्छाई से क्या फायदा अगर इस से रिफ्यूजीज को मदद नहीं मिलती । गवर्नमेंट किस वास्ते है गवर्नमेंट इसी वास्ते है कि वह सब इंटरेस्ट्स को देखे । जब मकान बन गये तो मैं ने कहा कि अब इन के लिये इन्तजाम क्या हो? सुनिये जनाब । कहा जाता है कि यह मकान तो बन गये मगर अगर इन ऐप्लीकेशन्स को डिसपोज आफ करना है तो स्टाफ रखना पड़ेगा । और उस के बाद जब ऐप्लीकेशन्स खत्म हो जायेंगी तो उस स्टाफ को रिट्रेंच करना पड़ेगा और फिर मुसीबत आयेगी । महज इस वास्ते कि स्टाफ को बाद में रिट्रेंच करना पड़ेगा । मुसीबत आयेगी इसलिये क्या स्टाफ नहीं रखा जायेगा ? एक तरफ स्टाफ के २५, ५०

[MR. DEPUTY-SPEAKER *in the Chair.*]

या १०० आदमियों का इंटरेस्ट है और दूसरी तरफ हजारों रिफ्यूजीज का इंटरेस्ट है । आप इन में से किस को सेक्रीफाइस करेंगे । स्टाफ के इटरेस्ट को सेक्रीफाइस करेंगे या रिफ्यूजीज के इंटरेस्ट को सेक्रीफाइस करेंगे? इस कांस्टीट्यूशन की वजह से मैं पांच सात मिनट यहां बोल लेता हूं और ऐडवाइजरी कमेटी में भी बोल लेता हूं। आप फौरन स्टाफ को रखिये और काम चलाइये । आप पूछेंगे कि मैं यह सब बातें क्यों कर रहा हूं । मैं पिछली मर्तबा से यह देख रहा हूं कि बावजूद इस के कि आप की भावना उदारता की है, आप रिफ्यूजीज की सेवा करना चाहते हैं, फिर भी आप नहीं कर पा रहे हैं । आप ने आठ हजार आदमियों को लोन दिया है । ५८ हजार में से आप ने ८ हजार को लोन दिया है । पांच हजार ने लेना मुनासिब नहीं समझा । लेकिन अब देखना यह है कि वह लोग यह रुपया लेते क्यों नहीं हैं । ऐसी कौन सी बात है । हम को इस का सबब जानना चाहिये । आप ने १३ हजार आदमियों की दरख्वास्तें मंजूर कीं और उन में से पांच हजार लोन नहीं लेना चाहते । What is the reason behind it ? गौर फरमाइये । क्या वे आदमी बेअक्ल हो गये हैं ? उस की वजह यह है कि न फाइनेन्स डिपार्टमेंट उन की पूछने वाला है, न ऐडमिनिस्ट्रेशन उन की पूछने वाला है और न कोई दुनिया के अन्दर उन का पुरसाने हाल है । यह हालत है । इस वास्ते वह क्या करें । आप मेहरबानी कर के पांच करोड़ रुपया दे रहे हैं एडमिनिस्ट्रेशन को । अभी यह आठ हजार ऐप्लीकेशन्स डिस्पोज आफ होने के बाद फिर आप लोन खोलेंगे । फिर ऐप्लीकेशन्स आयेंगी, फिर यही बात होगी । और फिर आप के सामने यही बातें आने वाली है । अगर यही बातें फिर होने वाली हैं तो मैं कहूगा कि खुदा के वास्ते आप यह रुपया वापस कर लीजिये, गवर्नमेंट का रुपया बरबाद न करिये । जब मैं यहां से जाता हूं तो लोग मुझ से पूछते हैं कि हम ने दो साल हुए दरख्वास्त दी थी उस का क्या बना ? मैं कहता हूं कि मुझे पता नहीं है । जहां जाता हूं लोग मुझ से यही पूछते हैं और मैं कहता हूं कि मुझे पता नहीं है । चाहे मैं अपनी गवर्नमेंट को कनडैम न करूं लेकिन मेरा हृदय कहता है कि यह स्टील प्रेम है । जैसा कि अग्रवाल साहब ने अपने आर्टिकिल में लिखा है कि जब तक इस में रिवोल्यूशनरी चेन्ज नहीं आवेगा तब तक लोगों को रिलीफ नहीं मिलेगा । यह ब्यूरोक्रेसी है । मैं जानता हूं कि our Ministers are good, they are honest मैं जानता हूं कि हमारे गुहा साहब अच्छे हैं । जब आप इन बेंचों पर बैठते थे तो हम आप की बहुत बातें सुनते थे लेकिन अब आप उन बेंचों पर बैठते हैं तो आप एक लम्बी चौड़ी बात करते हैं कि कब बजट बनेगा, कब मंजूरी आयेगी, और कब क्या होगा । मेरा ख्याल यह है कि आप ने अभी तक रिफ्यूजीज के इंटरेस्ट को ठीक तौर पर वाच नहीं किया है । ५८ हजार में से सिर्फ आठ हजार लोगों को लोन दिया है । मैं यह भी जानता हूं कि उन की क्या गत होगी । कितने ही उन में से दिवालिये बनेंगे और कितने ही जेल जायेंगे ; जब कुछ फायदा नहीं होता तो what is the purpose of Administration ?

अब मैं एक बात और अर्ज करना चाहता हूं कि जो गलतियां पहले हो चुकी हैं अगर आप उन को रोकने के लिये कम्पीटेंट नहीं हैं, if you don't feel strong enough to check these mistakes, तो मेहरबानी कर के आप इस रुपये को वापस कर लीजिये यह किसी और काम आयेगा । इस तरह तो रिफ्यूजीज का भला नहीं होगा । एक करोड़ का तो ऐडमिनिस्ट्रेशन का ही खर्चा है । यह सारा रुपया उसी में चला जायेगा ।

[लाला अचिन्त राम]

इस वास्ते आप मेहरबानी कर के इसे वापस कर लीजिये। अगर आप के अन्दर कांस्टेंट वाच रखने की हिम्मत है तो इस काम को कीजिये। जो भी आप के पास दरख्वास्त आये तो देखिये कि उस को तीन महीने से ज्यादा, न लगें। एक हफ्ता, दो हफ्ता, तीन हफ्ता चार हफ्ता, पांच हफ्ता, ६ हफ्ता या १२ हफ्ता तक का वक्त लग जाये। लेकिन अगर कोई एप्लीकेशन १२ हफ्ते से ज्यादा पड़ी रहेगी तो मैं क्या कहूंगा। और दूसरे लोग क्या कहेंगे वह यह कहेंगे कि "There is no Government" इस वास्ते कोई भी दरख्वास्त जो आप के पास आती है अगर वह तीन महीने से ज्यादा आपके दफ्तर में न रहे तब तो दफ्तर चलाइये अगर आप इस के कानफिडेंट हैं तब तो इस काम को चलाइये नहीं तो बन्द कर दीजिये।

दूसरी बात मैं और अर्ज करना चाहता हूं। आप मानें या न मानें लेकिन मैं अपना फर्ज समझता हूं कि मैं उस को आप के सामने अर्ज कर दूं। वह है इंटरैस्ट के मुताल्लिक। मैं समझता हूं कि जो लोन दिया गया है उस पर गवर्नमेंट ६ परसेंट सूद चार्ज करती है। आज कल के हालात में जब कि मुल्क में स्लम्प आया हुआ है यह चीज कितनी गलत है।

Mr. Deputy-Speaker: Will the hon. Member kindly look at me?

लाला अचिन्त राम : Thank you, Sir, बहुत से लोग जानते हैं, मुमकिन है कि कुछ को न मालूम हो कि हजरत मुहम्मद ने एक यह बात कही थी कि जब किसी को लोन दिया जाय तो उस पर सूद न दिया जावे, उन्हों ने यह एक रिवोल्यूशनरी बात कही थी और उन के सजेशन को यह कह कर कनडैम किया गया कि यह इम्प्रैक्टिकल है, यह रिवोल्यूशनरी है, यह अनइकानामिक है। मुमकिन है कि कुछ लोगों के लिये यह बात ठीक न हो और वह उसे कनडैम करते हों, मगर मैं यह बात कह सकता हूं कि हजरत मुहम्मद की यह बात रिफ्यूजीज के लिये तो ठीक है। अगर आज आप उन को रुपया देते हैं और उस पर सूद चार्ज करते हैं तो मैं कहूंगा कि आप उन की मिज़री का फायदा उठाते हैं। इसलिये मेरा कहना यह है, आप चाहे मानें या न मानें, कि जो रुपया गवर्नमेंट रिफ्यूजीज को लोन पर दे उस पर एक कौड़ी सूद भी चार्ज न करे। अगर वह चाहे तो ऐडमिनिस्ट्रेशन के लिये एक से तीन परसेंट तक चार्ज कर सकती है। एक परसेंट चार्ज कर ले या दो परसेंट कर ले। लेकिन इस रुपये को इन्वैस्ट करने के ख्याल से लोन न दे। मैं मानता हूं कि गवर्नमेंट यह रुपया दान नहीं दे रही है। वह अपने रुपये को वापस ले।

But, why charge interest from the refugees, I cannot understand.

इस वास्ते मैं कहता हूं कि अगर आप को नया बिल लाना है तो नया बिल लाइये। अगर आप इस सजेशन को नहीं मानने वाले हैं तो न मानिये। लेकिन मैं कैसे कहूं कि आप इस को नहीं मान सकते। मैं समझता हूं कि गवर्नमेंट को सूद के लिये कुछ भी चार्ज नहीं करना चाहिये। उस को कोई सूद नहीं लेना चाहिये। हां, ऐडमिनिस्ट्रेशन के लिये एक या दो परसेंट ले सकते हैं। मगर मैं आप से कहूंगा कि जो हजरत साहब ने १३००, १४०० वर्ष पहले कहा था और जिस पर लोग आज भी अमल करते हैं, तो फिर उस पर कम से कम आप रिफ्यूजीज के लिये तो अमल कीजिये। आप एक कौड़ी उन से मत लीजिये as interest, यह मेरा मतलब है।

दूसरी बात जो मैं कहने वाला हूं वह मेरे ख्याल में न गुहा साहब के बस की बात है और न फायनेन्स मिनिस्टर साहब के बस की बात है। मुझे माफ करेंगे कि अगर मैं कहूं कि शायद वह पंडित जी के भी बस की बात नहीं है। वह यह है कि रुपया तो आप दे देते हैं, लेकिन उस रुपये से कोई क्या करेंगे जब कि स्टेट्स के आदमी उन को मकान रहने के लिये नहीं देते, उन को काम चलाने के लिये शाप प्रिमिसेज नहीं देते और न उन को कोटा देते हैं। आप को मालूम होगा कि जो रुपया आप उन को देते हैं उस को वह खा जाते हैं। उस के बाद आप कुर्की के वारेंट निकालेंगे और उन को जेल भेजेंगे, इसलिये कि यह बात आप के बस की नहीं है। फायनेन्स मिनिस्टर साहब की तरफ से स्टेट्स को दो चिट्ठियां लिखी गई कि प्रिमिसेज मुहय्या कीजिये, मकान दीजिये, शाप्स दीजिये। लेकिन इस बारे में कुछ नहीं हुआ। स्टेट्स वाले राजा बने बैठे हैं। थोड़ा सा पंडित जी के सामने आने पर हां-हां कर देते हैं, करते कुछ नहीं। इसलिये यह आप के बस का रोग नहीं है। लेकिन कहना तो मुझे पड़ता है, क्योंकि शायद यह किसी और के बस की बात हो। जब तक स्टेट्स आप के साथ कोआपरेट नहीं करेंगी, जो बात आप कहेंगे उस को नहीं मानेंगी, तब तक काम नहीं चलेगा। जहां तक सेंटर का सवाल है, They had no business to go against them : they must comply with them अगर आप की चिट्ठी जाती है कि जिस को लोन आप ने दिया है उस को बिजिनैस प्रिमिसेज मिलनी चाहिये तो आप देखेंगे कि वह दी जाती है : एक चिट्ठी भेजी, लेकिन कोई परवाह नहीं की गई। दूसरी भेजी, फिर भी कोई परवाह नहीं की गई इस बारे में मैं गुहा साहब से क्या गिला करूं, फायनैन्स मिनिस्टर से साहब क्या गिला करूं, प्राइम मिनिस्टर साहब से क्या गिला करूं, और किसी से क्या गिला करूं। यह फैक्ट है। इसलिये मैं कहूंगा कि आप को अगर सरकार को चलाना है तो आप ऐसा इन्तजाम कीजिये कि स्टेट्स की गवर्नमेंट आप के साथ कोआपरेट करें। आप इसे और मुहब्बत से कीजिये, प्रेम से कीजिये और चाहे सख्ती से कीजिये, but see that your orders are complied with. लेकिन अभी यह नहीं होते हैं। तो मैं समझता हूं कि इस तरह से ऐडमिनिस्ट्रेशन चलाने से कोई फायदा नहीं है।

श्री धुलेकर : (जिला झांसी - दक्षिण) कोटा नहीं मिलता।

लाला अचिन्त राम : हां, यह बात मेरे दिल में है। कंट्रोल की वजह से जो कोटा है उस के मिलने में उन को दिक्कत है। रुपया मिल जाये, या मकान भी मिल जाये, लेकिन मकान में वह क्या करेंगे, वह क्या अपने कारखाने बना सकते हैं जब तक कि कोटा उन को नहीं मिलता। इसलिये जहां जरूरत है बिजनैस प्रिमिसेज की, जहां जरूरत है बिजली के कनैक्शन की वहां कोटे की भी जरूरत है, मैटीरियल की भी जरूरत है।

आखिरी बात मैं यह कहना चाहता हूं कि अभी गुहा साहब ने फरमाया है कि ऐडमिनिस्ट्रेशन ने यह फैसला किया है कि अब जो रुपया लोन्स का दिया जाय वह उन को दिया जाय जो कि ईस्ट बंगाल से आये हैं।

श्री ए० सी० गुहा : नहीं नहीं, I have not said anything like that,

लाला अचिन्त राम : अच्छा, Thank you very much मैं अपनी गलती मान लेता हूं उस की वजह यह है कि मैं बदकिस्मती से कल गैरहाजिर था, इसलिये जो रिपोर्ट मेरे पास आई उस पर मैं ने यह कहा। लेकिन

[लाला अचिन्त राम]

में महसूस करता हूं, अपने दिल के अन्दर, कि गवर्नमेंट को ऐडमिनिस्ट्रेशन को इस मामले में सावधान रहना चाहिये। यह मौका है कि वह अपने पास रुपये का इन्तजाम रखें। जिस तरह पाकिस्तान के कौंस्टीट्यूशन के लिये तबदीलियां आ रही हैं खास कर माइनारिटीज के लिये उन से मालूम नहीं पड़ता कि दो चार महीने के बाद क्या हालत पैदा हो और कितना इनफलक्स (influx) यहां फिर आ जाय। मैं नहीं कहता कि ऐसा हो लेकिन जिस तरह के हालात नजर आते हैं उन से पता नहीं लग सकता। मास मैंटेलिटी अजीब तरह की होती है। अगर कोई असर हुआ तो फिर हजारों आदमी वहां से निकलना शुरू हो जायेंगे। फिर आप कहेंगे कि अब तो नया बिल पेश होने वाला है उस में इन्तजाम किया जायगा और उस के लिये वक्त नहीं रहा रुपया कहां से लावें। इसलिये मैं आप से कहना चाहता हूं कि इस तरह के तमाम खतरात जो आने वाले हैं उन के लिये आप पहले से ही इन्तजाम कर लें जिस से अगर कोई ऐसा खतरा पैदा हो तो आप उस का फौरन इन्तजाम कर सकें और लोगों को तकलीफ न हो; यह जो मुसीबत है उस को गवर्नमेंट आफ इंडिया को पहले से देख लेना चाहिये और उस का इन्तजाम करना चाहिये।

अब ज्यादा कहना नहीं चाहता। मैं आखिर में सिर्फ आपका शुक्रिया अदा करता हूं। आप ने जो प्राविजन्स किये हैं वह बहुत अच्छे हैं। (हंसी) मेरे बाज भाई शायद हंसते हैं कि मैं ने इतनी देर तो नुक्ताचीनी की और अब तारीफ कर रहा हूं। लेकिन आप देखें कि इस में तीन बातें प्रोवाइड (provide) की गई हैं। पहले तो वह किया गया कि ७ करोड़ के बजाय अब साढ़े १२ करोड़ रुपये की हद मुकर्रर की गई है। दूसरे इस की मिआद को गवर्नमेंट ने जो पहले दस वर्ष थी उस के बजाय १५ वर्ष कर दी है। मेरा दिल इस से खुश है। तीसरी बात यह है कि जो रुपया कर्ज का वापस आवेगा वह फिर कर्ज के लिये दिया जा सकेगा।

एक माननीय सदस्य : क्या आने वाला है ?

लाला अचिन्त राम : आप ने फरमाया है कि क्या आने वाला है। मैं कहता हूं कि जो रुपया कर्ज में दिया जायेगा वह वापस आने वाला है। पूरा नहीं तो आठ आने वापस होगा इस में यह प्रोवीजन है कि जो रुपया वापस होगा वह फिर कर्ज पर दिया जा सकेगा। जितना रुपया वापस आवेगा चाहे वह रुपये में १२ आने वापस हो या आठ आने वापस हो चाहे चार आने ही वापस हो तो जितना भी रुपया वापस होगा वह फिर कर्ज पर दिया जायेगा। इस तरह यह तीन प्रोवीजन इस बिल में हैं जो बहुत अच्छे हैं। मैं इस को नुक्ता चीनी का मौजू नहीं बना सकता। इस के लिये मैं मुबारकबाद देता हूं। फिर जैसा मैं ने पहले कहा आप आने वाले खतरात के लिये इन्तजाम कर लें ताकि वक्त आने पर आप को न कहना पड़े कि इन्तजाम नहीं किया गया।

Sardar Hukam Singh: I was surprised to listen to my hon friend Mr. Achint Ram. He began by offering congratulations and ended by showering thanks. But in between he said something about the working of the Administration, with which I want to associate myself. He said that the object with which this legislation was passed by us has not been fulfilled. One of the objects with which we established this Rehabilitation Finance Administration was for giving financial assistance on reasonable terms to displaced persons to enable them to settle in business or industry. I have to submit that this object has not been fulfilled. The terms on which the loans were advanced, the conditions that were imposed and the me-

thods that we have laid down for making recoveries are such that we cannot expect these unfortunate victims of partition to settle themselves in industry.

I might first taketh e rate of interest. Government charges three per cent, and in this Act we authorised the Administration to charge up to 6 per cent. That was the maximum that could be charged. But the Administration thought that they could not content themselves except with charging the maximum that had been permitted to them. Six per cent. is not an ordinary rate of interest, if we take into consideration that the purpose of the legislation was to help the refugees to rehabilitate themselves. This legislation has worked very hard, especially when we find that provincial loans are advanced on 3 per cent. when the days are hard, when there is so much slump and people are not getting any return for what they invest. Naturally, it is very difficult for those people to pay the instalments as they become due. Then you come round and complain that so many refugees are not able to pay their loans back and this Administration is running at a loss.

Besides the high rate of interest, the procedure for obtaining loans is so cumbersome that it is not easy for an ordinary man—unless he has certain pulls,—to get loans within a specified period within which he expects to start an industry or rehabilitate himself. Only as an illustration I might cite my own example. I also applied for a loan of Rs. 50,000—perhaps, it was in 1949. I started a transport business here in Delhi. After about 15 months when that business had failed and everything had gone, because I could not get any money, I was served with a notice of enquiry as to what caste I belonged to. The reply I sent was that there was no need of my giving any information about this, because my business had failed and therefore I did not want any loan. I stopped there and said I did not require any loan. There have been other cases as well of that sort where people wanted money soon to start some business. And that enquiry also is there, whether they have invested anything of their own, whether they have any premises, what they will be able to invest if the loan is given to them and so on. Then by the time tne application is looked into and some decision is taken, perhaps the object for which it was wanted is almost gone and there is no use of the loan. Then, if he is lucky to get his loan sanctioned, as was pointed out yesterday, it is doled out in such small instalments that the poor man, urged by necessity and compelled by circumstances, has to eat up the instalments that are given to him and he is unable to start his business. I am talking of small people. not those who have been given Rs. 50,000 or a lakh of rupees. But those people who are given five, seven or ten thousand. Most of them, not because they are dishonest, not because they do not want to pay it back, not because they do not want to start an industry or business, but because they are compelled by circumstances, have to eat up the instalment which is given to them before the next help reaches them, and therefore the whole object is frustrated.

So it has been pointed out that some speedier method should be adopted whereby the refugees can get the loans in a shorter period and the gap is not so much as to frustrate the very object of the loan.

Our friend just said that he would rather like. if the same procedure is to continue and if the same difficulties are to continue, that the Government should withdraw the Rs. 4½ crores that is now given to them. But he perhaps forgets the real fact that there is nothing to be withdrawn. That ordinance was passed and already Rs. 13 crores have been exhausted. There is nothing in the account of the Administration itself that the Government can take back now. We can only urge that the criticism that

[Sardar Hukam Singh]

has been offered, the stringency which is there in getting the loan and the methods in recovering the loan, should be looked into and some easier method should be adopted whereby these persons can feel that they are really being helped by a Government which wants them to be rehabilitated and that it is not a money lender who is giving them loans on usurious rates. That they do not feel and therefore the object, I say, has not been fulfilled as we wanted it to be.

Then, Sir, there are the conditions that he should produce guarantors. We have also learnt that there are complaints that certain guarantors are not traceable. It is quite right. Because, they have no property of their own and when they apply for loan their object is to get something to start with; when some small loans, five or seven thousand rupees, are sanctioned they have to run about to find some guarantors. And the guarantors have their own conditions before they can come forward. I might convey to the Finance Minister for his purposes that this is very good of the Administration or the office itself that there are certain persons who might not be helpful in some other respects but who have been helpful in this that they can find out guarantors for the loanees. But they dictate their own terms. If it is a loan of seven thousand somebody says "I can find you a guarantor, but you will have to give him two thousand out of the seven thousand". The poor man, compelled by circumstances, sometimes is agreeable to that. And two thousand goes to the man who says he would produce those guarantors. They are readily available round about that office. The loan would be given. Two thousand is gone in the first instance, five thousand he is prepared to get, that also perhaps in some instalments. Those guarantors are only known to the people who provide them. The loanee does not know them himself. Therefore when he is asked to give those particulars he is unable to do so. Those guarantors are missing. They are known to those people alone who are there. It is therefore natural that some guarantors would not be traceable.

